तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 8.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

12 डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों से जबरन...



12 किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक में किया मंथन



### यमुनानगर पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

## पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर और मुख्य स्पलायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एंटी नारकोटिक सेल यमुनानगर की टीम ने नशातस्कर समेत मुख्य स्पलायर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नशातस्कर से पुलिस ने 50 ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश की ओर से एक मोटरसाइकिल सवार युवक कलानौर बार्डर रास्ते से यमुनानगर की ओर जा रहा है।

### तलाशी में आरोपी से 50 ग्राम हेरोइन बरामद



आरोपी के पास कोई नशीला पदार्थ है और वह उसे यमुनानगर जिला में कहीं सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक आशीष के नेतृत्व में एएसआई जसबीर, कर्मवीर, सिपाही मनजीत, गुरनाम व सरबजीत को शामिल कर जांच टीम का गठन किया गया। जांच टीम ने कलानौर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने तुरंत आरोपी को रोककर जांच की। इस दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में इटीओ ललित यादव को बुलाया गया। जिनके सामने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान बॉडी माजरा निवासी रिंकू पाल के रुप में हुई। इस दौरान आरोपी ने बताया कि वह हेरोइन को उत्तर प्रदेश के सरसावा के गांव घघौंद निवासी सोमिन से खरीदकर लाया है। पुलिस ने तुरंत दबिश देकर आरोपी मुख्य स्पलायर सोमिन को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया।

### नशातस्कर पर पहले भी हैं आठ मामले दर्ज

एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी नशातस्कर रिंकू पाल के खिलाफ पहले भी आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिनमें से नशा तस्करी, शस्त्र अधिनियम, लूट तथा चोरी के मामले शामिल हैं और अदालत में विचाराधीन है। रिमांड के दौरान आरोपी से यह पता लगाया जाएगा कि नशातस्करी में और कौन कौन शामिल हैं।

### आरोपियों से बरामद हुए थे 1656 प्रतिबंधित दवा के कैप्सूल

## नशीले कैप्सूल तस्करी मामले में अदालत ने दो आरोपियों को दस-दस साल की सजा सुनाई

यमुननगर। नशीले कैप्सूल की तस्करी के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों को दस दस साल की कैद व एक एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर आरोपियों को छह छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतने के आदेश दिए गए हैं। अदालत ने ट्रायल के दौरान जेल में बिताई अवधि को सजा में समायोजित करने के भी आदेश दिए हैं। एंटी नारकोटिक सेल की टीम को 27 अक्तूबर 2023 को सूचना मिली थी कि अमित कुमार उर्फ बंटी और अजय कुमार उर्फ लक्की बाइक पर प्रतिबंधित दवाई के नशीले कैप्सूल लेकर उन्हें कहीं सप्लाई करने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इस दौरान आरोपियों की तलाशी ली गई तो उनमें आरोपी अमित से 720 और अजय से 936 प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के कैप्सूल बरामद किए गए थे। पुलिस ने उस समय आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश कर दिया था। जिला न्यायवादी धर्मचंद ने बताया कि अदालत ने तमाम सबूतों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए एक एक लाख रुपये आर्थिक दंड के साथ दस दस साल कैद की सजा सुनाई है।

**दोनों आरोपियों पर एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया**

### खबर संक्षेप

### कानूनी सहायता के लिए लगाया हेल्प डेस्क



कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशनुसार मिनी सचिवालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में डीएलएसए की ओर से कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने जानकारी दी। बताया कि यदि किसी व्यक्ति को समाधान शिविर के दौरान कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है, तो वह वहां उपस्थित डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता से मिलकर आवश्यक परामर्श एवं सहायता प्राप्त कर सकता है।

### चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी में दर्ज नकद राशि चोरी करने के मामले में अंबाला छावनी पुलिस ने आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने 12 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 फरवरी 2026 को कुम्हार मंडी नजदीक बड़ा शिवाला में स्थित करियाना दुकान से आरोपी दीपक ने 5 हजार रूपये चोरी किए है।

### पानीपत में युवक को पीटकर नगदी लूटी

पानीपत। पानीपत में वर्धमान फैक्ट्री के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने के साथ मारपीट की। वहीं, बदमाशों ने से पंद्रह सौ रूपये की नगदी व छाता छीन कर ले गए। यह सारी वारदात घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। वहीं, इस घटना से सहमे पीड़ति ने इस मामले की शिकायत पुलिस को नहीं दी है। लूट की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोपी पकड़ा

पानीपत। समालखा थाना की हलदाना चौकी पुलिस ने हलदाना गांव में घर में घुसकर मारपीट करने के दूसरे आरोपी नीतीश निवासी गांव बिलडा जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। हलदाना चौकी इंचार्ज एसआई राणा प्रताप ने बताया कि इस मामले में सुरेश पुत्र मान सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### समालखा में विवाहिता को घर से निकाला

समालखा। थाना समालखा क्षेत्र के गांव की मूल निवासी विवाहिता को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर सुसराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने पति कृष्णचंद निवासी गांव जोगी माजरा जिला करनाल, सास गीता देवर रोहित व सोनू पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता का विवाह छह साल पहले हुआ था और इनके दो बच्चे भी है।

### आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले औचक सर्वेक्षण में खुलासा

## करनाल नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में अव्वल

**औचक जांच में 10 में से 7.5 अंक, रोहतक दूसरे और हिसार तीसरे स्थान पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 से पहले प्रदेश के सभी शहरी निकायों की स्वच्छता व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए कराए गए औचक सर्वेक्षण में नगर निगम करनाल ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है।

नगर निगम करनाल को 10 में से 7.5 अंक प्राप्त हुए, जिससे वह हरियाणा का सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर पिछले लगभग एक माह से प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं का विस्तृत सर्वेक्षण कराया गया। यह सर्वेक्षण निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया, जिसमें करनाल ने सर्वाधिक अंक अर्जित किए। सर्वेक्षण में नगर निगम रोहतक को दूसरा और नगर निगम हिसार को तीसरा स्थान मिला। यह पूरा मूल्यांकन मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगियों द्वारा किया गया।

**इन बिंदुओं पर हुई जांच**

सर्वेक्षण के दौरान निम्न मानकों पर विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया
- दृश्यमान स्वच्छता
- नागरिकों की प्रतिक्रिया
- सामुदायिक एवं जन शौचालयों की साफ-सफाई
- कचरा संवेदनशील बिंदुओं का उन्मूलन
- स्वच्छता लक्ष्य इकाई की कार्यप्रणाली
- डोर टू डोर कचरा उठान व्यवस्था
- सार्वजनिक स्थानों की सफाई व्यवस्था

अधिकारियों का कहना है कि अब राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में भी बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की**

परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री ने सभी निकाय अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इसमें राष्ट्रीय स्तर के स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने, रैंकिंग सुधारने और शहरों को और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### ट्रेनों में मुफ्त यात्रा कर रहे लोग

## तीन साल में 22 लाख पकड़े करीब 129 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





ट्रेनों में यात्री बिना डरे बिना टिकट सफर करने से पीछे नहीं हट रहे। रेलवे की ओर से चलाए अभियान में यह खुलासा हुआ है। रेलवे ने पिछले तीन साल के आंकड़े जारी कर कहा कि 22 लाख यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा है। इनमें से बिना टिकट यात्रियों के अलावा बिना बुक हुए सामान के मामले भी हैं। तीन वर्षों के आंकड़ों के आधार पर रेलवे ने जुर्माने के रूप में सरकारी खजाने में 128.88 करोड़ रुपये की राशि जमा की है। साल 2025-26 में टिकट रहित यात्रा और बिना बुक किए गए सामान के मामलों में कमी आई है, लेकिन राजस्व में बढ़ोतरी देखी गई है।

आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 में अनधिकृत यात्रा सहित बिना बुक किए सामान के आठ लाख 15 हजार 230 मामले सामने आए थे। साल 2024-25 में यह संख्या घटकर 6,87,472 रह गई। साल 2025-26 में यह आंकड़ा 6,87,336 पर स्थिर रहा, जो यात्रियों में बढ़ती जागरूकता और चेकिंग के डर को दर्शाता है। पिछले वर्षों के मुकाबले कमी आई हो लेकिन जुर्माने की वसूली अब भी करोड़ों में बरकरार है। वर्ष 2023-24 में रेलवे ने टिकट रहित यात्रा और बिना बुक किए गए सामान के मामलों में रिकॉर्ड 48.83 करोड़ वसूल किए थे। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में जुर्माने की राशि 39.30 करोड़ वसूल की गई। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के राजस्व में बढ़ोतरी हुई और कार्रवाई करते हुए यात्रियों से 40.55 करोड़ का जुर्माना वसूला गया।

**होली की तैयारी**

होली पर भीड़ को देखते हुए रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी है। अंबाला मंडल ने भी 100 के करीब कर्मचारियों को अलग-अलग रेल खंड पर तैनात होने के निर्देश दिए हैं ताकि ट्रेनों में गहनता से जांच की जा सके। इस कार्य के लिए विभागीय अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है जो जांच टीम की निगरानी करेंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बिना उचित टिकट और नियमों के विरुद्ध यात्रा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



लाडवा। जन संवाद में लोगों को संबोधित करते उपाध्यक्ष सुमन सैनी और उपस्थित लोग।

### उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

लाडवा। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा वासियों के लिए सीएम सिटी में होने वाली हर सुविधाओं को मुहैया करवाने में लगे हुए हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के लिए करोड़ों रुपये के कार्यों की घोषणाएं की हैं। इनमें एचएसवीपी का सेक्टर बनाने, सीएचसी को 50 बैड का अस्पताल में अपग्रेड करने, नगर परिषद के नए भवन, सामुदायिक केंद्र, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, अंबेडकर भवन के निर्माण सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणाओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, सडकें सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी है। अब तक लाडवा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को किया जा चुका है। कुछ विकास कार्यों पर अभी काम चल रहा है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने वीरवार को गांव खेड़ी दाबदलान, धनौरा, सुल्तानपुर, शहजादपुर, चकचानपुर, गन्जौरी और गजलाना में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी।

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, पूनम सैनी, बलजोर सिंह, राजेश कुमार, धर्मबीर सिंह, सचिन सोनी, राकेश सिंह, संदीप, प्रदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### पांच साल से बंद पड़े गोदाम में लगी आग हजारों का माल खाक

अंबाला। अंबाला शहर के लक्ष्मी नगर इलाके में विज्ञान उपकरणों के एक बंद गोदाम में अचानक आग लग गई। गोदाम से धुएं का घना गुबार उठने लगा तो आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। देखते ही देखते धुएं के काले गुबार ने पूरी गली को अपनी आगोश में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। संकरी गली होने के बावजूद दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। यहां के रहने वाले गोदाम मालिक गुलशन ने बताया कि गोदाम पिछले पांच साल से बंद पड़ा था।

### बराड़ाः अनियंत्रित होकर खेत में घुसी कार, बीबीए छात्र की दर्दनाक मौत

बराड़ा। सुबह एक कार अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई जिससे कार में सवार मूल रूप से थंबड़ गांव के जसप्रीत की मौत हो गई। मृतक के पिता सुखविन्द्र सिंह चोपड़ा ने बताया कि उनके दो बेटे हैं जिनमें बड़ा बेटा परमप्रीत सिंह मुख्य बाजार में कपड़े की दुकान करता है जबकि छोटा बेटा जसप्रीत सिंह जीएनआई कॉलेज हेमामाजरा में बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। उसने बताया कि जसप्रीत के साथ थंबड़ गांव के कुछ दोस्त भी कॉलेज जाते हैं। सुबह उसके साथियों की शायद बाइक खराब हो गई, जिस कारण वह उन्हें लेने के लिए कार से थंबड़ जा रहा था। सीवनमाजरा चौक से होते हुए जब वह थंबड़ गांव के पास पहुंचा तो अचानक कार अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई। कार यहां कटे पेड़ की जड़ से टकराकर रुक गई। कार क्षतिग्रस्त होने से जसप्रीत बुरी तरह घायल हो गया। लोगों ने उसे कार से निकाला और परिजनों को सूचना दी। उसे एमएम अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

- साथियों को लेने थंबड़ जा रहा था जसप्रीत

### सांसद नवीन जिन्दल आज करेंगे वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाटन



कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिन्दल आज जिला कारागार कुरुक्षेत्र में वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वॉलीबॉल के एग्जीबिशन मैच से कुरुक्षेत्र प्रिजनर्स प्रीमियर लीग सीजन 1 की घोषणा की जाएगी जो अप्रैल में आरंभ होगी। यह वॉलीबॉल कोर्ट सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया है। इस वॉलीबॉल कोर्ट का उद्देश्य कारागार में खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना तथा बंदियों के पुनर्वास की दिशा में सार्थक पहल करना है। सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने जानकारी दी।

### दो बहनों का बाल विवाह रुकवाया

पानीपत। 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के तहत जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बरसत रोड स्थित सचदेवा गार्डन में होने वाले दो सगी बहनों का बाल विवाह रुकवा दिए हैं। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी ने गार्डन का औचक निरीक्षण किया, जहां 19 से 22 फरवरी के बीच होने वाले छह विवाहों की बुकिंग में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। दस्तावेजों की गहन जांच में सामने आया कि विवाह के लिए तैयार दो सगी बहनों की आयु 15 व 17 मिली। इधर, बाल विवाह के इस केस को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हिमानी गिल की अदालत में पेश किया गया, जहां अभिभावकों ने भविष्य में कानून का पालन करने और बेटियों के 18 वर्ष पूर्ण होने से पहले विवाह न करने का लिखित आश्वासन दिया। इधर, पानीपत प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि कोई भी सामाजिक मजबूरी कानून से ऊपर नहीं है और बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है; साथ ही उन्होंने गार्डन संचालकों को भी सख्त निर्देश दिए कि बिना आयु प्रमाण पत्र की जांच के कोई भी बुकिंग न की जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### खादी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में 21 फरवरी को होगा फैशन शो

## महोत्सव में 79 स्टॉल्स पर सात राज्यों के कारीगरों के उत्पाद आकर्षण का केंद्र

**'हर घर स्वदेश घर-घर स्वदेशी' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना इसका मुख्य लक्ष्य**

**करनाल व आसपास के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वदेशी कारीगरों का उत्साहवर्धन करने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में खादी और ग्रामोद्योग राज्य कार्यालय अंबाला द्वारा एचएसवीपी ग्राउंड नं. 1, सेक्टर-12 में संयुक्त राज्य स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 21 फरवरी 2026 को सायं 6:30 बजे उसी स्थल पर खादी फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करना और वोकल फॉर लोकल अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। महोत्सव में देश के सात राज्यों से आए खादी बुनकरों और लघु उद्यमियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए हैं। कुल 79 स्टॉल्स पर खादी वस्त्र, हस्तशिल्प, हर्बल उत्पाद और ग्रामोद्योग से जुड़े सामान बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जिन्हें खरीदने के लिए लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लाभान्वित नए उद्यमियों को इस प्रदर्शनी के माध्यम से विपणन का सशक्त मंच मिल रहा है। आयोग के प्रतिनिधि ने बताया कि 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने करनाल व आसपास के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वदेशी कारीगरों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

### लालडू के कुलदीप की हत्या में इलाके के बदमाशों पर शक

कुरुक्षेत्र। पिहोवा की नंद कालोनी के कुलदीप धीमान की मोहाली के लालडू में चाकू मारकर हुई हत्या के मामले में नया मोड़ आया है। पंजाब पुलिस को क्षेत्र के बदमाशों पर शक है। हालांकि घटना को 8 दिन बीत चुके हैं, हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिला। पंजाब पुलिस के मुताबिक कुलदीप की हत्या के दो दिन बाद उसी इलाके के पास बदमाशों ने एक शख्स से मोबाइल छीन लिया था। पुलिस को उन बदमाशों पर कुलदीप की हत्या में शामिल होने का शक है। हत्यारे अपने साथ कुलदीप का मोबाइल लेकर फरार हुए थे। कुलदीप धीमान उर्फ सोनू पिहोवा की नंद कालोनी में रहते थे, वे पंजाब के मोहाली जिले के लालडू के पास एक नट-बोल्ट बनाने वाली फैक्ट्री में अकाउंटेंट था। यहां काम करते हुए उन्हें करीब 10 साल हो चुके थे।

**यह है मामला**

रोजाना बस से घर से फैक्ट्री आना-जाना करता था 11 फरवरी की शाम कुलदीप फैक्ट्री से छुट्टी करके घर के लिए निकला था। अगले दिन उसका शव फैक्ट्री के पास एक खाली प्लॉट में खून से लथपथ पड़ा मिला। हत्यारों ने चाकू से उनके चेहरे, गले, छाती और शरीर के अन्य हिस्सों पर 10-12 बार वार किए थे। हैरानी की बात ये है कि उनका बैग, कैश और अन्य सामान सही सलामत था, सिर्फ मोबाइल गायब था। चचेरे भाई राजकुमार ने बताया कि फैक्ट्री से निकलने के 15 मिनट बाद कुलदीप का फोन स्विच ऑफ हो गया। पूरी रात परिवार वाले इंतजार करते रहे। अगली सुबह तक कोई खबर न मिलने पर परिवार ने पिहोवा पुलिस को सूचना दी। कुलदीप की मौत की सूचना परिवार को मिल गई।

**खबर संक्षेप**



### प्रभातफेरी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण कृपा गौशाला एवं जीओ गीता परिवार द्वारा सलारपुर रोड स्थित दयानंद कॉलोनी में सुरेश गर्ग के निवास स्थान पर प्रभात फेरी आयोजित की गई। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से भागवत कथा तथा होली उत्सव के उपलक्ष्य में नगर में प्रभात फेरियां आयोजित की जा रही है। प्रभात फेरी में भजन रसिक सुनील वत्स, राजेन्द्र चोपड़ा, पवन गुंबर तथा अन्य सहयोगियों द्वारा गाए गए भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### डॉ. सुधीर मलिक बने डायरेक्टर यूथ वेलफेयर

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के आदेशानुसार आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के बाल रोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधीर मलिक को डायरेक्टर यूथ वेलफेयर नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने डॉ. सुधीर मलिक को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। कुलपति ने कहा कि डॉ. सुधीर एक अनुभवी, कर्मठ एवं समर्पित शिक्षक हैं।

### बिजली विभाग में जाकर केवाईसी करवाएं : आर्य

**कुरुक्षेत्र।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सोमवार और वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय में प्रातः 10 बजे से लेकर 12 तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र में गलत बिजली के मीटर चढ़ने से कई सदस्यों को परेशानी होती है, जिसके कारण उन्हें संबंधित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एडीसी ने बताया कि बिजली विभाग में जाकर संबंधित अधिकारी से मिल सकते हैं ,इसके लिए उन्हें अपने साथ परिवार पहचान पत्र ,आधार कार्ड लेकर जाना होगा।

### व्यवहारिक कुशलता ही सफलता की कुंजी

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा उदयन केयर सेंटर सेक्टर 7 में एक रोजगार कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला डॉ. सुषमा शर्मा और डॉ. रामनिवास के विशेष प्रयासों से भारत की सुप्रसिद्ध फिनटैक कंपनी पे बिंगो के सौजन्य से सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पेबिंगो के सीएसओ रजीत उपस्थित रहे। उन्होंने आज के कॉरपोरेट वर्ल्ड के संदर्भ में कार्यस्थल की तैयारी पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं, बल्कि व्यवहारिक और संचार संबंधी कौशल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

### ईश्वर का सर्व प्राणियों के हृदय में निवास : भारती

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवत महापुराण में प्रभु के आप्त एवं उदात चरित्र का वर्णन आता है। उन की शिक्षाओं को बहुत सुगमता से जन मानस तक इन्हें पहुंचाने के लिए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से हुड्डा ग्राउंड नजदीक सेक्टर 10 मार्किट सेक्टर 7 के सामने सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा के तृतीय दिवस में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या सुश्री कालिंदी भारती ने अवतारवाद की व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब इस धर्म की ग्लानि होती है तथा अधर्म का अभ्युत्थान होता है तब-तब भगवान अपने को इस विश्व में पैदा करते हैं। अजन्मा जन्म को स्वीकार कर लेता है। अकर्त्ता कर्तृत्व को, अभोक्ता उपभोग को स्वीकार कर लेता है। निराकार परमात्मा साकार हो जाता है। समय-समय पर अनेकानेक अवतारों ने भारत की भूमि पर जन्म लिया है। भारत जिसे विश्व का हृदय भी कहा गया है क्योंकि ईश्वर सर्वभूत प्राणियों का धाम हैं।

# अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

## समाधान शिविर में 10 शिकायतें दर्ज

- सोमवार-वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लग रहे शिविर, एसडीएम प्रदीप कुमार ने सुनी समस्याएं, आमजन से शिविरों में पहुंचने की अपील

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



**करनाल।** लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान उपस्थित एसडीएम प्रदीप।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीएम प्रदीप कुमार ने विभिन्न उपमंडलों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान करनाल उपमंडल से 5, नीलोखेड़ी से 1, इंद्री से 1, असंध से 2 तथा घरौंडा से 1 शिकायत प्राप्त हुई। सभी शिकायतों को समाधान हेतु संबंधित विभागों को अग्रेषित कर दिया गया। करनाल निवासी रघुबीर शर्मा इंतकाल दर्ज करवाने की समस्या लेकर पहुंचे, जबकि मोहन लाल ने रुकी हुई पेंशन, सुनीता ने जन्म प्रमाण पत्र में नाम दर्ज कराने, गुरप्रीत कौर ने बिजली समस्या तथा अमृत गर्ग ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायत रखी।

नीलोखेड़ी में नरेंद्र सिंह और इंद्री में अंजली ने नया राशन कार्ड बनवाने की मांग की। घरौंडा की उषा ने बुढ़ापा पेंशन तथा असंध से राजकुमार और सुभाष कुमार ने पेंशन एवं परिवार पहचान पत्र में वाहन हटवाने की समस्या रखी। एसडीएम प्रदीप कुमार ने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है।

आमजन विश्वास के साथ यहां पहुंचते हैं, इसलिए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनकर उसका स्थायी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बिजली, पानी, पेंशन, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तरावड़ी शहर बेसहारा पशुओं से हुआ मुक्त

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

- 176 पशुओं को गोशाला पहुंचाया गया

शहर को बेसहारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले तीन माह के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बेसहारा पशुओं को पकडक़र उन्हें शांतिवन गोपाल गौशाला तखाना तरावड़ी में छोड़ा है।

नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के आदेशानुसार चलाए गए इस अभियान के तहत लगभग 176 बेसहारा पशुओं को सुरक्षित रूप से पकडक़र गौशाला में पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के बाद अब तरावड़ी शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त कर दिया गया है, जिससे सडक़ हादसों की आशंका कम होगी और लोगों को राहत मिलेगी।

सचिव ने यह भी कहा कि नगर पालिका की टीम लगातार निगरानी कर रही है। यदि किसी क्षेत्र में कोई बेसहारा पशु दिखाई देता है तो नागरिक तुरंत नगर पालिका को सूचना दें, ताकि उसे पकडक़र गौशाला में छोड़ा जा सके। उन्होंने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

## कठिन तप के बाद पार्श्वनाथ को मिला केवल्य ज्ञान



हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- पंचकल्याणक महोत्सव का आज होगा मोक्ष कल्याणक के साथ समापन

भगवान पार्श्वनाथ को घोर तपस्या के उपरांत केवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई। पंचकल्याणक महोत्सव के अवसर पर आचार्य 108 श्री विनिश्चय सागर मुनिराज ने कहा कि ज्ञान दो प्रकार का होता है—लौकिक और सम्यक। लौकिक ज्ञान व्यक्ति को आजीविका, परिवार पालन और सामाजिक कर्तव्यों की ओर प्रेरित करता है, जबकि सम्यक ज्ञान आत्मा के स्वरूप को समझाकर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करता है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य पूर्व जन्म के पुण्य से धन और यश तो अर्जित कर लेता है, लेकिन अज्ञानवश राग-द्वेष में पड़कर पुण्य को नष्ट कर देता है। वीतराग भगवान से सांसारिक कामनाएं मांगना भी अशांति का कारण बनता है।

कार्यक्रम में कर्नाटक के सौदा मठ से पधारे भट्टारक अकलंक स्वामी ने 'अकलंक भारती' और 'आवश्यकम' ग्रंथों का विमोचन किया। ब्राह्मी लिपि में रचित इन ग्रंथों को संसार की लिपियों का आधार बताया गया। विशाल जैन, विरेश जैन, धरनेन्द्र जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

महोत्सव में भगवान पार्श्वनाथ का प्रथम आहार और समवशरण की रचना का आयोजन हुआ।

आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज ने भगवान की दिव्य वाणी का प्रकाशन करते हुए श्रद्धालुओं की शंकाओं का समाधान किया। 20 फरवरी को मोक्ष कल्याणक के साथ महोत्सव का समापन होगा।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यायल में होगा यात्रा का सम्मान समारोह

# आज कुरुक्षेत्र पहुंचेगी भारत रणभूमि दर्शन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

**यात्रा कल दिल्ली में संपन्न होगी**

*भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट के 200 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित इस अभियान का नेतृत्व भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट द्वारा भारतीय नौसेना के गनर्स और सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से किया जा रहा है। कच्छ के रण और थार मरुस्थल की कठिन चुनौतियों को पार करते हुए 20 फरवरी को यह यात्रा कुरुक्षेत्र पहुंचेगी और 21 फरवरी को दिल्ली में संपन्न होगी। गौरतलब है कि सांसद नवीन जिन्दल ने जनमानस को तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है। उनके द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जन जागरुकता और देश में विशाल तिरंगे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। विदित हो कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पुराने एवं खंडित तिरंगों को एकत्रित कर उन्हें सम्मानपूर्वक रिसाइकिल करके नया स्वरूप देने का अभियान कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से आरंभ किया गया है जो कि बाद में पूरे देश में चलाया जाएगा।*

नवीन जिन्दल फाउंडेशन 20 फरवरी शुक्रवार के दिन भारत रणभूमि दर्शन यात्रा सम्मान समारोह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आरके सदन में आयोजित कर रहा है। इस अवसर पर देश के सैन्य गौरव, अमर शहीदों की पावन स्मृति और राष्ट्रीय एकता के अटूट संकल्प के साथ भारत रणभूमि दर्शन यात्रा में शामिल सेना के जांबाजों का भव्य अभिनंदन किया जाएगा। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के विजन और जिन्दल स्टील के सहयोग के द्वारा आयोजित राष्ट्रभक्ति के इस कार्यक्रम में रणभूमि से लौटे वीर जवानों, देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले करगिल योद्धाओं और वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता सांसद नवीन जिन्दल करेंगे। इस अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, मेजर जनरल अरविंद यादव, कर्नल अश्विन, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल (रि.) अशीम कोहली सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स और कारगिल विजय के योद्धा उपस्थित रहेंगे। यह यात्रा मंगलवार, 3 फरवरी को गुजरात के द्वारका से रवाना हुई थी।

## चैत्र चौदस मेले में लाखों श्रद्धालु बनाएंगे रिकॉर्ड

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर लगने वाले चैत्र चौदस मेले में दूर दराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर एक नया रिकॉर्ड कायम करेंगे। इस वर्ष 17 मार्च से 19 मार्च 2026 तक चैत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाएगा, इस मेले से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं तथा मेला क्षेत्र को आठ सेक्टरों में बांटा गया है। सरस्वती तीर्थ पर सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। एसडीएम अनिल कुमार दून वीरवार को अपने कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में चेत्र चौदस मेले से संबंधित तैयारियों के बारे में बैठक संबोधित कर रहे थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल, नारी निकेतन, बाल आश्रम का किया निरीक्षण

- बंदियों और आश्रय गृहों में रह रहे महिलाओं-बच्चों को कानूनी सहायता की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा, सीजेएम खुशबू गोयल एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने वीरवार को जिला कारागार, नारी निकेतन और श्रद्धानंद बाल आश्रम का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागार में बंदियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही बंदियों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पश्चात टीम ने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं और श्रद्धानंद बाल आश्रम में रह रहे बच्चों से बातचीत की तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं, रहन-सहन और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित संस्थानों को व्यवस्थाएं और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए।

## गुप्ता ने मानव सेवा संघ को भेंट की कार



**करनाल।** प्रसिद्ध उद्योगपति एवं ओसवाल पम्पस और सोलर पैनल के निर्माता पदमसेन गुप्ता द्वारा करनाल मानव सेवा संघ को सेवा कार्यों के लिए कार भेंट किए जाने पर संघ की कार्यकारिणी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर लाला पदमसेन गुप्ता का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि करनाल के दानी सज्जनों और संस्थाओं के सहयोग से ही मानव सेवा संघ की विभिन्न सेवाएं निरंतर संचालित हो रही हैं। जिला करनाल की अनाज मंडियों के आढ़तियों और राइस मिलर्स का विशेष धन्यवाद किया गया, जो प्रतिवर्ष भंडारे के लिए चावल, धान और गेहूं का सहयोग प्रदान करते हैं। संघ के उपप्रधान डॉ. भगत राम खंडवाल एडवोकेट ने बताया कि दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में उदार हृदय लोगों के सहयोग से मानव सेवा संघ सभी धर्मों और जातियों के जरूरतमंदों की निष्पक्ष भाव से सेवा कर रहा है।

## समय का सदुपयोग कर आगे बढ़ सकते हैं छात्र

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आगामी बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना हेतु भव्य 'आशीर्वाद समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना था। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कलेर, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, बालिका शिक्षा प्रांत प्रमुख सरोज सैनी, राजविज व प्राचार्या सुमन बाला उपस्थित रहे। प्रबंधक बलबीर प्रकाश ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो समय चला गया वह वेस्ट पेपर के समान है, जो समय चल रहा है वह न्यूजपेपर के सम्मान है, जो समय आएगा वह एग्जामपेपर के सम्मान है। वर्तमान समय सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। समय का सदुपयोगइस मौके पर राजेन्द्र सिंह कलेर, डॉ जितेंद्र कुमार, बलबीर प्रकाश, सुरेश सैनी, डॉ हरि प्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री नायब सैनी को सहस्त्र चंडी पूजन में यजमान बनने का दिया निमंत्रण

**लाडवा।** लाडवा की प्रसिद्ध माता शाकुम्भरी देवी मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने प्रधान नरेश गर्ग की अगुवाई में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में शिष्टाचार भेंट की। समिति सदस्यों ने मंदिर में 19 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य सहस्त्र चंडी पूजन एवं महायज्ञ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को यजमान बनने हेतु औपचारिक आमंत्रण पत्र भेंट किया। समिति के प्रधान नरेश गर्ग ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अवगत कराया कि माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की भारी आस्था उमड़ती है और इस वर्ष भी सहस्त्र चंडी पूजन एवं महायज्ञ को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 8 दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में प्रदेश सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान वेदाचार्यों द्वारा विधि-विधानपूर्वक सहस्त्र चंडी पाठ, हवन-यज्ञ, कन्या पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मौके पर सतप्रकाश शर्मा, सुमित गर्ग, भगवान दास आदि मौजूद थे।

## राज्यपाल से कुवि कुलगुरु ने की शिष्टाचार भेंट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने हरियाणा के माननीय राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपनी हाल ही में सम्पन्न जापान यात्रा के संबंध में राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जापान में टोक्यो विश्वविद्यालय, ओसाका विश्वविद्यालय, क्योटो विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय स्थित हैं तथा भविष्य में शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में आपसी सहयोग और शैक्षणिक आदान-प्रदान की व्यापक संभावनाएं हैं। वहीं भेंट के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आगामी 1-2 महीनों में प्रस्तावित दीक्षांत समारोह तथा संभावित मुख्य अतिथि के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया।



## दिल्ली में चमका शाहपुर का सितारा, इंग्लैंड में भी दिखा चुका दमखम

# मनोज ने अफगान मुक्केबाज को चित किया

- छह माह में कई अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



**करनाल।** दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी मुकाबले में जीत हासिल करने के दौरान मनोज कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

गांव शाहपुर के युवा मुक्केबाज मनोज कुमार ने दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी मुकाबले में अफगानिस्तान के मुक्केबाज आमिल अहमद सादिक को पराजित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उनका दूसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था, जिसमें उन्होंने आत्मविश्वास और बेहतरीन तकनीक का परिचय देते हुए जीत हासिल की।

मनोज कुमार इससे पहले इंग्लैंड में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। 14 सितंबर 2024 को इंग्लैंड में उनका पहला विदेशी मुकाबला हुआ, जिसके बाद 28 सितंबर को कार्डिफ में दूसरा मुकाबला खेला। 12 अक्टूबर को यॉर्क हॉल में तीसरा और 29 नवंबर को चौथा मुकाबला हुआ। पहली बार विदेश की धरती पर उतरने के बावजूद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी मनोज अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी पीछे छोड़ा। उनके प्रशिक्षक 68 वर्षीय राजेंद्र सिंह हैं, जिन्हें राज्यपाल द्वारा कई बार सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक सम्मान से नवाजा जा चुका है।

**गांव में किया स्वागत**

साधारण किसान परिवार से आने वाले मनोज के पिता मेवा सिंह किसान हैं और माता उर्मिला देवी गृहिणी हैं। गांव में उनकी जीत पर जोरदार स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने उन्हें मोटरसाइकिल भेंट कर सम्मानित किया। रोशन नथानियल का मार्गदर्शन भी उन्हें निरंतर मिल रहा है। मनोज की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और वे युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

# क्रिप्टो के नाम पर 23 लाख की साइबर ठगी

- सोशल मीडिया व फर्जी वेबसाइट से रचा जाल, करनाल से चार आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** सोनीपत में क्रिप्टो करेंसी निवेश के नाम पर की गई 23 लाख रुपये की साइबर ठगी का खुलासा करते हुए पुलिस ने अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सोशल मीडिया और फर्जी वेबसाइट के जरिए पीड़ित को भारी मुनाफे का लालच दिया गया और अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करवाई गई।

सेक्टर-12 निवासी रमेश लाल को 16 सितंबर 2025 को टेलीग्राम कॉल के माध्यम से एक महिला ने स्वयं को श्रुति, लिवरपुल (यूके) बताकर निवेश का प्रस्ताव दिया। शुरुआती लाभ दिखाकर विश्वास जीता गया और 25 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच आरटीजीएस, एनईएफटी और यूपीआई से 23 लाख रुपये जमा करवा लिए गए। वेबसाइट पर 2.33 करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया गया, लेकिन निकासी के समय टैक्स के नाम पर 19.85 लाख रुपये और मांग लिए गए। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने करनाल से चार आरोपियों—सोनू, दिनेश, पप्पू और रमेशचंद—को गिरफ्तार किया। 9 लाख 14 हजार 256 रुपये बैंक खातों में फ्रीज कराए गए तथा 29,500 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या सोशल मीडिया संदेश पर भरोसा न करें।

## खबर संक्षेप

### मेयर ने की पुलिस के साथ बैठक

**पानीपत।** पानीपत नगर निगम क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम कार्यालय में मेयर कोमल सैनी ने डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी के साथ बैठक की। बैठक में ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मेयर ने निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाए जाएं।

### जिला सचिवालय में जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में जनता समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं गईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। शिविर में 20 शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं।

### इग्नू ने बीएड में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे

**पानीपत।** इग्नू द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस कार्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इग्नू क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि बीएड की प्रवेश परीक्षा हेतु पंजीकरणः केवल ऑनलाइन, बीएड प्रवेश पोर्टल के माध्यम से 27 फरवरी तक होगा।

### राजकीय स्कूल का निरीक्षण किया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली का खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल सरोहा ने निरीक्षण किया। वहीं, सरोहा ने कक्षा कक्ष, चित्रकला प्रयोगशाला, एनएसक्यूएफ लैब, विज्ञान प्रयोगशालाओं में जाकर व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर टीचर्स रविंद्र सिंह, प्रदीप मलिक, उमेद सिंह, दीपिका धवन, हिना, प्रीति दुहन, राकेश कुमार, सुशील कुमारी, सुदेश कुमारी, सुनील कुमार, खुशीराम, बलविंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### श्याम बाबा की पैदल यात्रा 21 को

**समालखा।** वृंदावन ट्रस्ट द्वारा पिछले 14 वर्षों से निकाली जा रही खाटू श्याम बाबा की पैदल यात्रा इस बार 21 फरवरी को निकाली जाएगी। आज संस्था के पदाधिकारियों ने श्याम बाबा मंदिर चुलकाना में जाकर यात्रा का निमंत्रण कार्ड दिया। मंदिर प्रधान रोशन ने कहा कि यात्रा में आने वाले श्याम भक्तों के लिए उचित व्यवस्था की गई है।

### कृषि क्षेत्र को सशक्त कर रही है सरकार

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एसबी-89 स्कीम 2025-26 के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीदने पर अनुदान उपलब्ध करवाने के लिए 15 जनवरी तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। वहीं, पात्र लाभार्थियों का चयन बीस फरवरी को जिला सचिवालय में जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति द्वारा ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

### पिस्तौल से जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव महराणा में ट्रांसपोर्टर सी सुब्रहमणियम पर पिस्तौल से जानलेवा हमला करने की वारदात शामिल आठवें आरोपी साहिल निवासी गांव सीसर खास जिलारोहतक को सीआईए वन पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि मामले में पहले एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि आरोपी सुनील उर्फ शीलू आठ दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहा है।

---

युवाओं की याददाश्त, एकाग्रता, तार्किक सोच को तेज करता है शतरंज खेल: डॉ. अनुपम

# एसडी कॉलेज ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी जोनल शतरंज में गोल्ड जीता

- शतरंज खेलने से मनुष्य के मस्तिष्क का दाया हिस्सा सक्रिय होता है जिससे रचनात्मक सोच विकसित होती है

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्रायार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की महिला चेस टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जोनल शतरंज चैंपियनशिप में चैंपियन बनकर गोल्ड मेडल जीत का पानीपत जिला का नाम रोशन किया है। वहीं कॉलेज की दो छात्रा खिलाड़ियों नेहा और मृदुल का नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी चेस चैंपियनशिप के लिए भी चयन हो गया है। जबकि महिला चेस टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में ओवर आल तीसरा स्थान भी हासिल किया। वहीं, विजेता टीम में कप्तान नेहा, मृदुल, निशिता, अंजलि व कुहू के शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इधर, विजेता छात्राओं का कॉलेज में आने पर कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो नीलम, प्रो पूजा, कोच अंकुश मलिक, प्रो आनंद ने स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि शतरंज खेल बेहतरीन दिमागी कसरत है जो याददाश्त, एकाग्रता और तार्किक सोच को तेज करती है। यह रचनात्मकता, योजना बनाने की क्षमता और धैर्य को बढ़ाता है, साथ ही मानसिक तनाव कम करने और बौद्धिक क्षमता में सुधार करने में मदद करता है। शतरंज खेलने से मनुष्य के मस्तिष्क का दाया हिस्सा सक्रिय होता है जिससे रचनात्मक सोच विकसित होती है। हार-जीत का सामना करने से खिलाड़ियों में आत्म-नियंत्रण, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास बढ़ता है। चेस तनाव को कम करने और मानसिक व्याकुलता को प्रबंधित करने में मदद करता है। दिमाग को सक्रिय रखने के कारण, यह डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी बीमारियों के खतरे को कम करता है। बच्चों के लिए, यह खेल गणित और विज्ञान जैसे विषयों में तार्किक क्षमता को बढ़ाकर उनका प्रदर्शन सुधारता है। शतरंज हर उम्र के लोगों के लिए लाभदायक है और यह एक मनोरंजक 'माइंड थेरेपी' की तरह भी काम करता है ।



**पानीपत।** देवीलाल कॉलेज में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

## देवीलाल कॉलेज में नशे के विरुद्ध हुई स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता

**नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ाएंगी छात्राएं**

- छात्राओं ने आगे भविष्य में नशा न करने के लिए शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

चौधरी देवीलाल कन्या महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भारत सरकार द्वारा चलाए गए नशा मुक्त अभियान के तहत स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा स्लोगन राइटिंग के माध्यम से नशे के खिलाफ अपनी आवाज उठाई तथा छात्राओं ने आगे भविष्य में नशा न करने के लिए भी शपथ ली और कहा कि हम अपने आसपास के युवाओं को नशा न करने के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं, प्राचार्या डॉक्टर सुमन लता ने भी छात्राओं को प्रेरित किया कि वे समाज को नशे के विरुद्ध जागरूक करें। इधर, एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर पूनम देवी ने भी छात्राओं से अपील कि वे अपने परिजनों, पडोसियों, कालोनी निवासियों, गांव वालों को नशे के विरुद्ध जागरूक करें।

## इंसान को दूरदर्शी बनाता है शतरंज : डॉ. तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

हुडा सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं, प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं हैं बल्कि बौद्धिक विकास का माध्यम है। यह विद्यार्थियों में धैर्य, एकाग्रता और दूरदर्शिता जैसे गुणों का विकास करता है। वहीं शतरंज का खेल विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शतरंज का खेल अवश्य खेलना चाहिए। इधर, प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका स्वास्थ्य शिक्षिका सुदेश जागलान ने निभाई। जबकि प्राचार्या डॉ. तोमर ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए पुरस्कृत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



**पानीपत।** डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर, विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाते हुए।

## इसराना में बनेंगे चार सेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने इसराना सब डिवीजन में चार सेक्टर बनाने की रूपरेखा तैयार की है। इसके तहत, विभाग ने सेक्टर एक की 18 मीटर चौड़ी आंतरिक सड़कों के पुनर्संरेखण के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। वहीं, विभाग ने इस संबंध में आम जनता और हितधारकों से आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। इसराना के सेक्टर एक के 'सेक्टरोल कम शजरा प्लान' को सरकार द्वारा सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इस नए प्लान में सेक्टर एक के भीतर की सड़कों के घुमाव और उनकी स्थिति में बदलाव प्रस्तावित किया गया है। इन सेक्टरों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होगी। वहीं, सेक्टर 1 से 4 का व्यापक प्लान संशोधित सेक्टरोल प्लान के आंकड़ों के अनुसार पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित तरीके से नियोजित करता है। इधर, जिला नगर योजनाकार संजय सैनी द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, कोई भी व्यक्ति 30 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करा सकता है। आपत्तियां सीनियर टाउन प्लानर, रोहतक के कार्यालय में जमा करवाई जा सकती हैं। इन आपत्तियों की योग्यता के आधार पर जांच होगी। अंतिम निर्णय के लिए विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। संशोधित व्यापक प्लान के आंकड़ों के अनुसार सेक्टर 1 और 2 के बड़े हिस्से को आवासीय उद्देश्यों के लिए आरक्षित किया गया है। सेक्टर 4 को मुख्य रूप से औद्योगिक गतिविधियों के लिए निर्धारित किया गया है।

### स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं विद्यार्थीः डॉ. शशि

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर स्वच्छ हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा का आयोजन किया। कार्यक्रम का आगाज स्वयं सेवक विद्यार्थियों द्वारा किए गए योगाभ्यास से हुआ, जिसने न केवल शरीर को ऊर्जावान बनाया बल्कि एकाग्रता का संदेश भी दिया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता महज एक शब्द नहीं, बल्कि



एक संस्कार और आदत होनी चाहिए। स्वच्छ हरियाणा-स्वस्थ हरियाणा अभियान का मूल उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति व्यापक जागरूकता लाना है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता के लिए अनिवार्य है। वहीं, उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान ने अपने संबोधन में स्वच्छता को एक राष्ट्रीय मिशन के रूप में अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर आयोजित रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को एलएन मिगलानी, महासचिव व रवि गोसाई, कोषाध्यक्ष प्रबंधन समिति,डॉ. शशिप्रभा मालिक, प्राचार्या, डॉ. किरण मदान, उप प्राचार्या, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. नीतू द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## युवती को विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म किया

- आरोपी विदेश भागा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र निवासी युवती को नीजर निवासी करनाल ने विवाह का झांसा दिया और उसके साथ बार बार दुष्कर्म किया। वहीं आरोपी करीब ढाई साल पहले इंग्लैंड चला गया और इसी साल 14 जनवरी को वापस भारत लौटा आया और फिर युवती को उसके साथ विवाह करने का झांसा देकर उसके साथ बार बार दुष्कर्म किया। युवती ने जब आरोपी नीरज पर विवाह का दबाव बनाया तो वह फिर से 27 जनवरी को गुपचुप तरीके से इंग्लैंड चला गया। इधर, पीड़ित युवती ने आरोपी नीरज की शिकायत पुराना औद्योगिक थाना पुलिस से की। पुलिस ने लड़की के बयान दर्ज किए और उसकी अस्पताल में मेडिकल जांच करवाई। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी नीरज व लड़की एक दूसरे से सात साल से परिचित थे। इधर, पुलिस ने लड़की की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा की धारा 376 (2)-एन के तहत केस दर्ज किया। पुलिस ने पीड़ित लड़की को साथ लेकर उन स्थलों की जांच की जहां नीरज ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इधर, पुलिस अब कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से आरोपी की इंग्लैंड से भारत में वापसी की तैयारी कर रही है।



**समालखा।** राजकीय स्कूल में नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

## इंसान के जीवन को नर्क बना देती है नशे की लतः राणा

- विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा

जिला पुलिस नशे के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। गठीत की नशा मुक्त टीम ने इसी कड़ी में वीरवार को पसीना खुर्द गांव के राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को और फिर गांव में जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ प्रेरित किया। वहीं पुलिस टीम के एएसआई जगपाल राणा ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया। टीम द्वारा बताया गया नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगड़ता है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने की शपथ भी दिलाई। इसके साथ ही टीम ने गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि गांव या आसपास कोई मादक पदार्थ बेचता है या फिर नशे का आदी है तो इसकी सूचना जिला पुलिस को या नेशनल नारकोटिक्स एमएएनएएस हेल्प लाइन 1933 पर दे। पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी और सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी।

## हर पात्र को मिलेगा आयुष्मान का लाभ




**पानीपत।** जिला सचिवालय में आयुष्मान योजना को लेकर बैठक करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में गुरुवार को एसडीएम मनदीप कुमार द्वारा आयुष्मान भारत योजना को लेकर बैठक की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए तथा जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वहीं, एसडीएम कुमार ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने, वितरण करने तथा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को योजना का लाभ देने के लिए 31 मार्च तक विशेष आयुष्मान शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए। उन्होंने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा को निर्देश दिए कि गांव स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें और ग्राम पंचायतों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को शिविरों में उपस्थित होने के लिए प्रेरित करें। वहीं सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक को निर्देशित किया गया कि आयुष्मान कार्ड निर्माण और कार्ड वितरण की प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरी करवाई जाए।

## किशोरी से छेड़खानी के दोषी को सात साल की कैद

- अदालत ने दोषी पर 65 हजार रुपये का जुर्माना भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

असिस्टेंट सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (पास्को) पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी के साथ छेड़खानी मारपीट करने के आरोपी प्रवीण पुत्र जयपाल निवासी गांव गोयला खेड़ा, जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं एएसजे शर्मा की अदालत ने दोषी प्रवीण पर 65 हजार रुपये जुर्माना भी किया। वहीं जुर्माना नहीं देने पर दोषी प्रवीण को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

**ये है मामला**

पीड़ित लड़की के पिता की शिकायत पर 17 जून सन् 2024 को थाना बापौली पुलिस ने प्रवीण पर आईपीसी की धारा 323, 354-ए, 458 व 8 पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया। वहीं पुलिस ने आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। इधर, अदालत ने आरोपी प्रवीण को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में विज्ञानी प्रो. कर्ण सिंह का स्वागत करते हुए उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह। फोटो : हरिभूमि

### नए स्टार्ट अप के अवसर देता है रसायन विज्ञानः डॉ. सिंह

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के रसायन विभाग के तत्वावधान में करियर एडवांसमेंट इन कैमिक्ल सांइस विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार करवाया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर रेवाडी के प्रो. कर्ण सिंह ने शिरकत की। वहीं, कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह व रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. कर्ण सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रसायन विज्ञान में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए नए रोजगार व खोज के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं जो भारत देश को विकसीत बनाने में सहायक साबित हो रहे है। उन्होंने बताया कि हमारे दैनिक जीवन में किचन में खाना बनाने से लेकर दवाइयां, कपडे, प्लासटिक, सेरेमिक, पेंट, पोलीमर, चिकित्सा और स्वास्थ्य, प्रयावर्ण, उर्जा उत्पादन व शिक्षा और अनुसंधान में विभिन्न अवसरों की चर्चा की। रसायन विज्ञान नए-नए स्टार्ट अप व नई शिक्षा नीति के तहत स्किल सीखने के अवसर पर प्रदान करता है। साथ ही डॉ. कर्ण सिंह ने इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी व न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनैंस स्पेक्ट्रोस्कपी पर व्याख्यान भी दिया। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुदेश, डॉ मनी दत्ता, डॉ लता, आरती , प्रवेश, सलीना समेत आदि उपस्थित रहे।

**शैक्षणिक भ्रमण** विद्यार्थियों ने जाना कि पुलिस स्टेशन में एफआईआर कैसे लिखवाएं

विद्यार्थियों ने जाना कि साइबर क्राइम से खुद अपने आपको और दूसरों को भी कैसे जागरूक करें

## आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया पुलिस स्टेशन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों का कानूनी मार्गदर्शन करते हुए सिटी पुलिस स्टेशन के एसएचओ। फोटो : हरिभूमि

आर्य कॉलेज के जनसंचार विभाग व कॉलेज की कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ इकाई के विद्यार्थियों ने सिटी पुलिस स्टेशन का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इधर, कॉलेज की उपाचार्या और कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ इकाई की प्रभारी डॉ. अनुराधा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसंचार विभाग व कानूनी जागरूकता प्रकोष्ठ इकाई के विद्यार्थियों ने पानीपत शहर के सिटी पुलिस स्टेशन का भ्रमण किया। यहां पर विद्यार्थियों ने जाना की पुलिस स्टेशन में एफआईआर प्राथमीकि जांच रिर्पोट कैसे लिखवाएं, साइबर क्राइम से खुद अपने आपको और दूसरों की भी कैसे जागरूक करें, साथ ही यातायात नियमों के विषय में भी जाना। वहीं पुलिस स्टेशन के एसएचओ दीवान सिंह ने पुलिस की कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी देते हुए साइबर क्राइम से बचाव करने, कानून व यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि पत्रकारिता की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि पुलिस की तरह ही जब भविष्य में आपको पत्रकार बनने के बाद अपने स्त्रोत बनाने होंगे। सशक्त पत्रकार व पुलिस अधिकारी तभी बनता है जब उसका सूचना तंत्र मजबूत हो। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे घर हो या बाहर किसी भी तरह का अत्याचार सहन ना करें और पुलिस को सूचित करें। इधर, जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण ने बताया कि पुलिस स्टेशन शैक्षिक भ्रमण जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभकारी रहा, विद्यार्थियों पुलिस स्टेशन जाकर पुलिस द्वारा किए जाने विभिन्न कार्यों बारे में बारीकि से जाना। इस भ्रमण में जनसंचार विभाग के प्राध्यापक शिवांक रावल, गजल पांचाल, सोनू अठावले उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनी एसडीएम ने समस्याएं

**अंबाला।** उपमंडल स्तर पर नारायणगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में वार्ड नंबर 4 की गीता रानी ने परिवार पहचान पत्र अलग करवाने की मांग रखी। गांव महुआखेड़ी के श्यामलाल ने परिवार पहचान पत्र में आय अधिक दर्ज होने के कारण बीपीएल राशन कार्ड कटने की शिकायत दी।

### ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब की पुलिस टीम ने बैंक से लोन दिलवाने के नाम पर मासूम लोगों को ठगने वाले आरोपी को जालंधर, पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता तरुण कुमार निवासी पावर कॉलोनी मंडौर ने 15 अकतूबर 2025 को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने खुद को बैंक का एजेंट बताकर शिकायतकर्ता सहित छह व्यक्तियों को सेंट्रल बैंक से 10-10 लाख रुपये का लोन कम ब्याज दर पर दिलवाने का झांसा दिया था। आरोपी ने प्रक्रिया शुल्क और अन्य खर्चों के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 30,000 रुपये ऐंठे, जिससे कुल 1,80,000 रुपये की धोखाधड़ी की गई। पैसे लेने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया और फरार हो गया। आरोपी की पहचान तरुण कुमार,वासी पुराना अस्पताल काजीवाड़ा के रूप में हुई है।

### कांग्रेसी सांसद वरुण चौधरी पर खूब बरसे पूर्व परिवहन मंत्री

# अगर लापता सांसद मोहल्ले में निकल जाएं तो कोई पहचानेगा भी नहीं: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को नोट सुटेबल और डमी कहकर कांग्रेस के सांसद वरुण चौधरी पूरी तरह भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल कांग्रेसी सांसद वरुण चौधरी पर खूब बरसे। उन्होंने वरुण चौधरी की तुलना बैंक के नॉन परफोर्मिंग एसेट खाते से की है। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस एनपीए हो चुकी है। इन्हें हजम नहीं हो रहा कि कैसे एक साधारण परिवार और छोटे से गांव से उठकर नायब सिंह मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच गए। ये कांग्रेस के एनपीए सांसद अंबाला से लापता हैं। ये अगर किसी मोहल्ले में अकेले निकल जाएं तो लोग इन्हें पहचानेंगे भी नहीं। यहां हालात इनके लापता के पोस्टर लगने वाले हो चुके हैं। इन्हें ऐसी बातें शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा कि वरुण चौधरी अपने पिता की वजह से ही राजनीति में हैं। हाल ही में पंजाब में हुई ‟युद्ध नशे विरुद्ध" रैली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बसों में शराब रखते हुए दिखाया जा रहा है। पत्रकारों द्वारा इस मुद्दे पर पूछे गए सवाल के जवाब में असीम गोयल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खुद नशे करता हो वो कैसे मंच से नशा छोड़ने की बात कह सकता है। ये तो दूध की रखवाली बिल्ली से करवाने वाली बात है। राज्यसभा चुनावों को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में असीम गोयल ने कहा कि भाजपा हर चुनाव के लिए तैयार रहती है। यह गणित का चुनाव है। पार्टी अच्छे,जागरूक और योग्य उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी।



अंबाला। अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं का समाधान करने के निर्देश

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओ को सुनते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने बारे निर्देश दिए। लोगों ने गलियों व नालियों के निर्माण कार्य, जंधेडी से आए एक वृद्ध व्यक्ति ने उसके घर के उपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटवाने बारे, बुढ़ापा पेंशन लगवाने बारे, पानी की निकासी बारे, पेयजल व्यवस्था के तहत पाइप लाइन बिछाए जाने के साथ-साथ रास्ते हेतू टाइलें लगवाने के साथ-साथ अन्य समस्याओं बारे यहां पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को पूर्व राज्यमंत्री के समक्ष रखा। गोयल ने इस मौके पर लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और कुछ समस्याओं बारे उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फोन कर लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किए जाने बारे कहा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह , मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, हितेष जैन, सुंदर ढींगरा, संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत शाना, , रोमी ग्रोवर, अजय चावला, रितेश गोयल,चंद्रमोहन फौजी,शेर सिंह के साथ-साथ भाजपा पार्टी के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा राजनीतिक धमकियां

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव रोहित जैन ने राहुल गांधी को मिल रही धमकियों पर किया प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



एडवोकेट रोहित जैन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दी जा रही “घर में घुसकर गोली मारने” जैसी जघन्य और आपराधिक धमकियों तथा उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की उठाई जा रही मांगों पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विपक्ष की संवैधानिक भूमिका को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है। जैन ने कहा कि जब-जब राहुल गांधी ने देशहित के मुद्दों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, किसान समस्याएं, सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं, तब-तब उनके खिलाफ राजनीतिक दबाव और साजिशें तेज हुई हैं। यह स्पष्ट दर्शाता है कि सत्ता पक्ष प्रभावी और मुखर विपक्ष की भूमिका से भयभीत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति देशद्रोह नहीं होती, बल्कि एक सशक्त लोकतंत्र की पहचान होती है। यदि किसी को किसी बयान से आपत्ति है तो उसका जवाब तथ्यों और तर्कों से दिया जाना चाहिए, न कि धमकियों और दमन से। किसी जनप्रतिनिधि की सदस्यता रद्द करने की चेतावनी देना और जान से मारने की धमकी देना संविधान और कानून की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि जब इस प्रकार की धमकियों पर सत्ता पक्ष मौन साध लेता है, तो यह संदेश जाता है कि भय और हिंसा की भाषा को परोक्ष संरक्षण प्राप्त है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक है। जैन ने संबंधित एजेंसियों से मांग की कि इन आपराधिक धमकियों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोकतांत्रिक मर्यादा और कानून का शासन कायम रहे।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता दरबारा सिंह ने 27 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 जून 2025 को गांव दौदपुर से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले में अभी तक पुलिस दो आरोपियों को पकड़ चुकी है।

# डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों से जबरन टेंपरेरी आईडी बनाए जाने का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

बिजली विभाग में डीसी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों से जबरन टेंपरेरी आईडी बनवाकर डाटा फीड करवाए जाने के विरोध में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन शाखा द्वारा केंद्रीय परिषद के आह्वान पर सब डिविजन शहजादपुर के प्रकानगन में दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि विभाग द्वारा डीसी रेट पर काम कर रहे कर्मचारियों से जबरन टेम्परेरी आईडी बनवाकर कर डाटा फीड करवाया जा रहा था ,जिसका एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा पुरजोर विरोध किया है। दौरान हुकम चंद शर्मा,सुशील कुमार,प्रवीण कुमार, विनोज कुमार,मनप्रीत सिंह, राहुल, रामनिवास, दीपक कुमार, रामकुमार, नवीन कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



शहजादपुर। प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविर से लोगों को मिल रही विशेष राहत

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में पांच फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करवाने आए। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि प्राप्त शिकायतों में नगर परिषद से संबंधित दोए जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तथा तहसील से संबंधित दो शिकायत प्राप्त हुई। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि सभी शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम के अनुसार समाधान शिविर से लोगों को विशेष राहत मिल रही है।

# साइबर अपराध व ट्रिप मॉनिटरिंग को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

- साइबर अपराध से बचने तथा यातायात के नियमों की पालना बारे अभियान चलाकर आमजन व महिलाओं को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेफ सिटी टीम अंबाला शहर की मुख्य सिपाही राजबीर कौर व टीम ने पुलिस की पाठशाला द्वारा छात्र छात्राओं को साइबर अपराध, ट्रिप मोनिटरिंग/डायल-112 एप्प तथा यातायात नियमों बारे जागरूक किया। सेफ सिटी टीम ने उपस्थित छात्राओं को ट्रिप मोनिटरिंग/डायल-112 एप्प बारे विस्तृत जानकारी देकर स्कूल स्टाफ को मौका पर ही डायल-112 एप्प डाउनलोड करवाई। पुलिस द्वारा ‘‘पुलिस की पाठशाला’’ के माध्यम से महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साइबर अपराध से बचने तथा यातायात के नियमों की पालना करने बारे विशेष अभियान चलाकर आमजन व महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह पुलिस की पाठशाला’’ के माध्यम से छात्राओं कामकाजी महिलाओं आमजन को डार्यल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें।

### जागरूक करना उद्देश्य

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डॉयल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस साइबर अपराध व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं जिससे गांवों व कस्बों से आने वाली छात्राओं/कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके तथा आमजन को यातायात के नियमों और साइबर अपराधों की जानकारी देकर उन्हें जागृत किया जा सके।

### रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम

**जींद।** राजकीय कालेज में युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधि प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव उमंग का मापन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि उमंग जैसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ अनुशासन और टीम भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डा. जयनारायण गहलावत प्राचार्य महिला महाविद्यालय रहे। महोत्सव के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्किट, प्लेइंग इंस्ट्रूमेंट, डिक्लेमेशन, पेंटिंग सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा. संदीप कुमार ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मोनिका, द्वितीय मनीषा, तृतीय कैलाश, पोस्टर मेकिंग में प्रथम चेष्टा, द्वितीय सीमा, तृतीय अंकुश ने स्थान प्राप्त किया।

# 15 दिनों से रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित होने से लोगों में रोष



- उप तहसील में नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद उप तहसील कार्यालय में पिछले 15 दिनों से रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित होने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार यहां नियुक्त नायब तहसीलदार पिछले करीब आठ दिनों से अवकाश पर हैं। राजौंद का अतिरिक्त प्रभार ढाड के नायब तहसीलदार अमित कुमार को सौंपा गया है, लेकिन उनके नियमित रूप से उपस्थित न होने के चलते रजिस्ट्री सहित कई महत्वपूर्ण राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उप तहसील में कार्य करवाने पहुंचे लोगों का कहना है कि पहले पटवारियों की हड़ताल और उसके बाद तहसीलदारों की हड़ताल के कारण काम प्रभावित रहा। हड़ताल समाप्त होने के बाद जब लोगों को राहत की उम्मीद जगी, तो नायब तहसीलदार के अवकाश पर चले जाने से रजिस्ट्री का कार्य फिर से ठप हो गया। जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामलों में देरी के कारण लोगों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के कई गांवों से रोजाना लोग रजिस्ट्री करवाने के लिए उप तहसील पहुंचते हैं, लेकिन काम न होने के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बार-बार चक्कर लगाने से समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। इस स्थिति को लेकर आमजन में नाराजगी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उप तहसील में नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# अंबाला: डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में दो मार्च से होगा भव्य होला मोहल्ला

- समागम में संत-महापुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी
- संगत के लिए लंगर की व्यवस्था निरंतर रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



संत बाबा दलजीत सिंह।

जिले के बराड़ा स्थित डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में 2, 3 और 4 मार्च को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ पवित्र होला मोहल्ला समागम आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से संगत के पहुंचने की संभावना है। समागम के दौरान कीर्तन, सत्संग, गुरुवाणी विचार तथा विशेष दीवान सजाए जाएंगे जिनमें श्रद्धालु गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। प्रवक्ता अशोक खरबंदा ने बताया कि सोमवार 2 मार्च सुबह 8 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ होगा। इसका भोग बुधवार, 4 मार्च को पड़ेगा और निशान साहिब की सेवा सुबह 8 से 9 बजे तक होगी। तत्पश्चात सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक महान कीर्तन दरबार सजेगा जिसमें रागी जत्थे भाई लखविंदर सिंह शाहबाद वाले, बीबी मनप्रीत कौर खालसा दिल्ली वाले, बीबी कमल गिल दिल्ली वाले, भाई तजिंदर सिंह जी बराड़ा वाले, बाबा दलजीत सिंह बराड़ा वाले, ढाडी जत्था भाई सुखदेव सिंह रोपड़ वाले, भाई सुखजिंदर सिंह चंडीगढ़ वाले कीर्तन के माध्यम से संगतों को निहाल करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि समागम में संत-महापुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। संगत के लिए लंगर की व्यवस्था निरंतर चलती रहेगी। बाबा दलजीत सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और आध्यात्मिक जागृति का संदेश देते हैं।

### आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा पीआईजी रा महिला कालेज के प्लेसमेंट सेल के सहयोग से आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। 300 से अधिक छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अवेयरनेस एवं डिजिटल लिटरेसी प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा, प्राचार्य डा. जेएन गहलावत तथा संस्था अध्यक्ष राजकुमार भोला विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते उन्हें तकनीकी शिक्षा से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



मार्केट कमेटी अलेवा कार्यालय में मीटिंग लेते मार्केट कमेटी चेयरमेन रामपाल खांडा व अन्य।

### किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक

**अलेवा।** मार्केट कमेटी अलेवा कार्यालय में मार्केट कमेटी चेयरमेन रामपाल खांडा व उप चेयरमेन शमशेर नगूरां की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्केट कमेटी के अधिकारी के अलावा कमेटी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य फ सल सीजन के दौरान किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को होने वाली संभावित परेशानियों को दूर करने के लिए सुझाव एकत्र करना था। चेयरमेन रामपाल ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। फ सल सीजन को ध्यान में रखते हुए मंडी में पीने के पानी, लाइटों और सफ ाई व्यवस्था को लेकर कोई परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों और मजदूरों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एनएसएस शिविर का आयोजन

# स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

शिविर में 100 से अधिक स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला छावनी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ देशराज बाजवा ने किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. रणदीप सिंह, डॉ. ओमबीर, प्रो नेहा रानी एवं डॉ. समीक्षा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में 100 से अधिक स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




अंबाला। पौधरोपण करते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान से किया गया। स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात “स्वच्छ भारत, हरित भारत”विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रभावशाली नारे प्रस्तुत किए। इसी थीम पर विभिन्न रचनात्मक एवं कलात्मक गतिविधियाँ भी कराई गईं, जिनमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा की भावना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना रहा। शिविर के समापन पर सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।